यमुना एक्सप्रेसवे औधोगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद–गौतम बुद्ध नगर (उ0प्र0)

पत्रांक/वाई0ई0ए0/PLG /856 /2026
दिनांक– 06-11-2026

सेवा में

मैसर्स गौरसन्स रियलटैक प्रा0 लि0
भूखण्ड संख्या –1, अभय खण्ड–2
इन्द्रापुरम, गाजियाबाद

महोदय,

कृपया अपने आवेदन पत्र दिनांक–22.01.2026 एवं दिनांक–03.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा ब्लॉक B (Hotel-cum-Mall or MLCP) के भवन मानचित्र में संशोधन करते हुए संशोधित भवन मानचित्र की स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। आपके द्वारा आवेदन के साथ 317 फुट प्रिन्ट आवंटियों की सहमति (Consent) उपलब्ध करायी गयी है। उक्त सहमतियों एवं ब्लॉक–बी में किये जा रहे प्रस्तावित संशोधन पर आपत्तियाँ प्राप्त हुयी है। अतः संलग्न प्रारूप के अनुसार सार्वजनिक सूचना दो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित कराकर प्राधिकरण को सूचित करना सुनिश्चित करें।

तदोपरान्त ही आपके आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

भवदीय,

6.11.2026

महाप्रबन्धक–नियोजन

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वार सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत मैसर्स गौरसन्स रियलटैक प्रा0 लि0 के MPC.–01, Pocket-3), मिर्जापुर साईट एल.एफ.डी.–03, सैक्टर–19 में स्थित ब्लॉक B (Hotel-cum-Mall or MLCP) के भवन मानचित्र को पत्र संख्या– पत्रांक–वाई.ई.ए./नियोजन/830/2022 दिनांक–25.02.2022 को स्वीकृत किया गया था।

वर्तमान में मैसर्स गौरसन्स रियलटैक प्रा0 लि0 द्वारा ब्लॉक B (Hotel-cum-Mall or MLCP) के भवन मानचित्र में संशोधन करते हुए संशोधित भवन मानचित्र की स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के साथ मैसर्स गौरसन्स रियलटैक प्रा0लि0 द्वारा 317 फुट प्रिन्ट आवंटियों की सहमति (Consent) उपलब्ध करायी गयी है। यदि किसी सह आवंटी को आपत्ति है तो वह अपने सह आवंटी होने के साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप से अपने आवेदन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नौएडा सिटी 201308 जिला गौतमबुद्व नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित महाप्रबन्धक (नियोजन) विभाग में निर्धारित अवधि अर्थात सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवस में प्राप्त करा सकते हैं। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन का परीक्षण किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9.30 बजे से सांय 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग के प्रदर्शित नक्शे में किया जा सकता है।

महाप्रबन्धक–नियोजन
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण